BHADOHI POLICE

सराहनीय कार्य

साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही **दिनांक:08.03.2025**

◆पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में ◆साइबर फ्रॉड के संबंध में साइबर थाना पर पंजीकृत 02 अभियोगों का सफल अनावरण

◆स्थानान्तरित धनराशि अपने खाते में पाकर पीड़ितों द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद।

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में मु0आ0सं0-02/2024 वादी मो0 माजिद पुत्र मो0 सलाउद्दीन निवासी लखनो थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही से आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ₹7,66,880/- का फ्रॉड किया गया था जिसमें ₹1,52,231/- पीड़ित के बैंक खाता में वापस कराया गया है। मु0अ0सं0- 06/2024 वादी रईस अहमद निवासी घोसिया थाना औराई जनपद भदोही से आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ₹29,56,331/- का फ्रॉड किया गया था जिसमें ₹3,82,000 /- पीड़ित के बैंक खाता में वापस कराया गया है। अन्य NCRP शिकायतकर्ता इशतियाक अहमद खान निवासी चौरी रोड भदोही से जमीन खरीददारी के नाम पर ₹1,50,000/- का फ्रॉड किया गया था जिसमें ₹50,000/- पीड़ित के बैंक खाता में वापस कराया गया तथा आवेदिका नसीम फतिमा निवासी चौरी रोड भदोही का ₹1,00,685/- बिजनेस के नाम पर फ्रॉड किया गया जिसमें पीड़िता का कुल ₹1,00685/- वापस कराया गया है। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त मुकदमें तथा प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक साइबर थान श्री बृजेश सिंह ,का0 कन्हैया कुमार सिंह एवं म0का0 शालिनी सिंह द्वारा **कुल ₹6,84,916/- (छः लाख चौरासी हजार नौ सौ सोलह रुपए)** धनराशि को पीड़ितों के खाते में वापस कराया गया। पीडितों द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

साइबर क्राइम पुलिस टीम भदोही

1. निरी0 श्री बृजेश सिंह क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही।
2. का0 कन्हैया सिंह साइबर क्राइम पुलिस थाना।
3. म0का0 शालिनी सिंह साइबर क्राइम पुलिस थाना।